भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

ई–न्यूज़लैटर

अप्रैल, 2020

डॉ. आर. एस. शर्मा, अध्यक्ष, भादूविप्रा 06.03.2020 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भादूविप्रा के मुख्यालय, नई दिल्ली में अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए।

1. सिफारिश

1.1 भादूविप्रा ने 13 मार्च, 2020 को ''अवसंरचना प्रदाता श्रेणी–1 (आईपी–1) पंजीकरण के स्कोप का विस्तार करना'' पर सिफारिशें जारी की।

राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी), 2018 में अवसंरचना प्रदाता (आईपी) के स्कोप का विस्तार करके और कॉमन साझा करने योग्य, निष्क्रिय के साथ–साथ सक्रिय अवसंरचना के कार्यान्वयन को बढ़ावा और प्रोत्साहन देकर सक्रिय अवसंरचना की शेयरिंग को बढ़ावा देने और सुगम बनाने की परिकल्पना की गई है।

2. भादूविप्रा ने 16 अगस्त, 2019 को ''अवसंरचना प्रदाता श्रेणी–1 (आईपी–1) पंजीकरण के स्कोप की समीक्षा'' पर एक परामर्श पत्र जारी किया था, जिसमें अवसंचना प्रदाता श्रेणी–1 (आईपी–1) पंजीकरण के स्कोप का विस्तार करने पर हितधारको से उनकी राय/टिप्पणियां मांगी गई थी। इस संबंध में 14 नवंबर, 2019 को नई दिल्ली में एक खुला मंच चर्चा भी आयोजित की गई थी।

3. हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों/सूचना के आधार पर ओएचडी में इन पर चर्चा करने और अपने विश्लेषण के आधार पर भादूविप्रा ने 'अवसंरचना प्रदाता श्रेणी–1 (आईपी–1) पंजीकरण के स्कोप का विस्तार करना' पर अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दिया।

4. प्राधिकरणा ने आईपी–1 पंजीकरण के स्कोप का विस्तार करने की सिफारिश की है। विस्तारित स्कोप में उन सभी अवसंरचना मदों, उपकरणों और प्रणालियों को प्राप्त करना, स्थापित करना, अनुरक्षण करना और संचालित करना शामिल होगा, जो वायरलाइन एक्सेस नेटवर्क, रेडियो एक्सेस नेटवर्क (आरएएन) और ट्रांसमिशन लिंक्स स्थापित करने के लिए जरूरी हैं। हालांकि, इसमें कोर नेटवर्क एलीमेंट यथा स्विच, एमएससी, एचएलआर, आईएन आदि शामिल नहीं होंगे। आईपी–1 पंजीकरण के स्कोप में भारत के किसी भी हिस्से के भीतर ये शामिल होंगे मगर ये यहीं तक सीमित नहीं हैं जैसे राइट ऑफ वे, डक्ट स्पेस, ऑप्टिकल फाइबर, टॉवर, फीडर केबल, एंटीना, बेस स्टेशन, इनबिल्डिंग सोल्यूशन (आईबीएस), डिस्ट्रीब्यूटिड एंटीना सिस्टम (डीएएस) इत्यादि।
संपूर्ण सिफारिशें नीचे दिए लिंक पर क्लिक करके देखी जा सकती हैं।

https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendations_13032020.pdf

2. सेमिनार

Newsletter

2.1 भादूविप्रा ने कोलकाता में 13.03.2020 को ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन शिक्षण का उद्भव'' पर एक सेमिनार आयोजित किया:

भादूविप्रा ने होटल द पार्क 17 पार्क स्ट्रीट, कोलकाता–700016 में 13.03.2020 को ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन शिक्षण का उद्भव'' पर एक सेमिनार का आयोजन किया।

2. डॉ. पार्थसारथी चक्रबर्ती, निदेशक, आईआईईएसटी, शिबपुर द्वारा श्री तुषार कांती पॉल, सलाहकार, पश्चिम बंगाल एलएसए, दूरसंचार विभाग, श्री सोविक कुमार दास, सलाहकार, भादूविप्रा और अन्य वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं मीडिया की उपस्थिति में सेमिनार का उद्घाटन किया गया।

3. दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा विश्लेषण क्षेत्र के प्रख्यात वक्ताओं ने दर्शकों को अपनी जानकारी और अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने दूरसंचार नेटवर्क/प्रणालियों में एआई एप्लिकेशन्स, आपदा/संकट के दौरान वॉट्सएप/टिवट्स का साइलेंट एआई आधारित विश्लेषण, एआई के उद्विकासी और विघटनकारी अनुप्रयोग, अगली पीढ़ी के संचार पाइप पर अनुभव की गुणवत्ता को बेहतर बनाना, ऑटोमेशन और एआई के बीच अंतर और बैंकिंग क्षेत्र में एआई अनुप्रयोग में वृद्धि पर चर्चा की।

4. विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, बिजनस चैंबर्स के प्रतिभागियों, निजी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, बीएसएनएल और दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों, ईईपीसी के अधिकारियों, पश्चिम बंगाल के उपभोक्ता पक्षसमर्थक समूहों, भादूविप्रा के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकृत अन्य उपभोक्ताओं और पीआईबी, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सदस्यों ने इस सेमिनार में भाग लिया। बड़ी संख्या में दर्शकों के हितार्थ सेमिनार की लाइव स्ट्रीमिंग की गई थी।

3. कार्यशाला

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने सीएजी, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) और अन्य हितधारकों की क्षमता विकास के लिए 06.03.2020 को बीकानेर (राजस्थान) में उपभोक्ता पथसमर्थक समूहों (सीएजी) की क्षमता निर्माण पर एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। क्षेत्रीय कार्यशाला में गुजरात और राजस्थान के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और उपभोक्ता पथसमर्थक समूहों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने दूरसंचार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए भादूविप्रा द्वारा हाल के दिनों में उठाए गए विभिन्न कदमों पर चर्चा की।

इस कार्यशाला में सीएजी ने दूरसंचार उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करने, विभिन्न उपभोक्ता शिक्षा गतिविधियों में भागीदारी और अपीलों के समाधान के बारे में अपने संगठनात्मक प्रयासों के बारे में जानकारी साझा की है। दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) ने प्रतिभागियों को उपभोक्ता संरक्षण और शिकायत निवारण की दिशा में उठाए गए कदमों, उपभोक्ता शिक्षा को बढ़ाने के लिए किए गए उपायों, बढ़ी हुई पहुँच के लिए विकसित किए गए विभिन्न मोबाइल एप के बारे में विस्तार से बताया।

06.03.2020 को बीकानेर (राजस्थान) मे आयोजित सेमिनार की तस्वीरें

4. अन्य सूचना

4.1 31 जनवरी, 2020 को दूरसंचार सब्सक्रिप्शन के आंकड़ें।

विवरण	वायरलैस	वायरलाइन	योग (वायरलैस+वायर लाइन)
शहरी टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	644.54	18.21	662.75
ग्रामीण टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	511.90	2.37	514.27
कुल टेलीफोन उपभोक्ता (मिलियन में)	1156.44	20.58	1177.02
समग्र टेली–घनत्व (%)	85.92	1.53	87.45
शहरी सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%)	55.73%	88.47%	56.31%
ग्रामीण सब्सक्रिप्शन का हिस्सा (%)	44.27%	11.53%	43.69%
ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या (मिलियन में)	654.30	19.08	673.39

जनवरी, 2020 में पीक वीएलआर की तिथि पर सक्रिय वायरलैस उपभोक्ताओं की संख्या 986.42 मिलियन थी।

जनवरी, 2020 के दौरान, 5.33 मिलियन उपभोक्ताओं ने एमएनपी के लिए अनुरोध किए। एमएनपी सुविधा शुरू होने से लेकर जनवरी, 2020 के अंत तक कुल 475.40 मिलियन उपभोक्ता इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं।

4.2 भादूविप्रा ने डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखपरीक्षकों का पैनल बनाने के लिए 27 फरवरी, 2020 को जारी की गई अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए 6 मार्च, 2020 को एक शुद्धिपत्र जारी किया है।

भादूविप्रा ने डिजिटल एड्रेसेबल सिस्टम्स की लेखापरीक्षा करने के लिए लेखपरीक्षकों का पैनल बनाने के लिए 27 फरवरी, 2020 को जारी की गई अभिरूचि की अभिव्यक्ति के लिए 6 मार्च, 2020 को एक शुद्धिपत्र जारी किया है।

5. कार्यक्रम

5.1 मार्च, 2020 के दौरान, निम्नलिखित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए गए।

क्र. सं.	स्थान	तिथि
1	कानुपर (उत्तर प्रदेश)	04.03.2020
2	कन्नूर (केरल)	05.03.2020
3	महबूबनगर (तेलंगाना)	12.03.2020

Newsletter

फोटो गैलरी

12.03.2020 को महबूबनगर (तेलंगाना) में आयोजित उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम

इस न्यूजलैटर में उल्लिखित निर्देशों/आदेशों/परामर्श पत्र/रिपोर्ट, सब्सक्रिप्शन के आंकड़ों आदि का पूरा विवरण भादूविप्रा की वेबसाइट ***www.trai.gov.in*** पर भी उपलब्ध है।

महानगर दूरसंचार भवन, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, (पुराना मिंटो रोड़) नई दिल्ली–110002

हम फेसबुक पर भी हैं! आइये हमारे साथ!

https://www.facebook.com/TRAI/

हम ट्विटर पर भी हैं! आइये हमारे साथ! ***TRAI@TRAI***

Newsle